उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार 04 श्रावण, शक संवत्, 1926
### ( दिनांक : 26 जुलाई, 2004 )
### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1. प्रश्न (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"**)।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के जानकी चट्टी से यमुनोत्री धाम तक आने-जाने हेतु रज्जु मार्ग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री शशिमोहन राणा एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के मौघ में हाईस्कूल खुलवाने के सम्बन्ध में" श्री कुन्दन सिंह नेगी एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत टिपरी (बिष्ट) में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलवाने के सम्बन्ध में" श्रीपाल सिंह महन्त एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव के गोडर-खाटल क्षेत्र के ओडगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलवाने के सम्बन्ध में" श्री लोकेन्द्र चौहान एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

....2/...

8. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड डुण्डा के अन्तर्गत नालूपानी-पटारा-डांग (जसपुर) स्यालना मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सरबीर चन्द्र रमोला एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. पर्यटन मंत्री, उत्तरांचल पर्यटन विकास परिषद् अधिनियम, 2001 (संशोधन) विधेयक, 2004 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

13. पर्यटन मंत्री, उत्तरांचल पर्यटन विकास परिषद् अधिनियम, 2001 (संशोधन) विधेयक, 2004 को पुरःस्थापित करेंगे।

14. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

15. वित्तीय वर्ष, 2004-2005 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

16. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

17. जनपद ऊधमसिंह नगर में काशीपुर के ग्राम महतावन, महुआडाली तथा लक्ष्मीपुर का पुलिस नियंत्रण थाना बाजपुर से पृथक कर कोतवाली काशीपुर की कुण्डेश्वरी चौकी से सम्बद्ध किये जाने के सम्बन्ध में श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 जुलाई, 2004 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

आज्ञा से,

**देहरादून :**
**दिनांक : 26 जुलाई, 2004**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

**प्रथम सत्र, 2004**
**का प्रथम सोमवार**

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 04 श्रावण, शक संवत्, 1926

( दिनांक : 26 जुलाई, 2004 )

## नत्थी 'क'

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियामावली, 1958 के नियम 38(2) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त

## तारांकित स्थगित प्रश्न

श्री नारायण पाल
09-10-2003

*1. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेगे कि उत्तरांचल की प्रथम निर्वाचित सरकार बनने के बाद मंत्रिमण्डल के सभी सदस्यों के विभिन्न दौरों पर सरकार द्वारा कितना व्यय वहन करना पड़ा? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इससे किन-किन मंत्रियों पर जलपान, पेट्रोल पर कितना खर्चा आया तथा कितना धन यात्रा व्यय के रूप में भुगतान किया गया? गोपन

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>30-04-2004 | *1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में अर्द्धकुम्भ मेला, 2004 के दौरान हरिद्वार में पुलिस फायरिंग से कितने लोग मारे गये तथा कितने लोग घायल हुए? क्या यह सत्य है कि पुलिस फायरिंग के दौरान पुलिस द्वारा दुकानों में लूट-पाट तथा तोड़-फोड़ की गयी? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा मृतकों/घायलों/दुकानदारों को मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>01-05-2004 | *2. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल गठन के बाद अब तक कुल कितनी लघु जल विद्युत परियोजनायें बनकर तैयार हो गई हैं तथा उक्त योजनाओं से कुल कितने मैगावाट विद्युत उत्पादन हो रहा है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि इन विद्युत परियोजनाओं के संचालन व देखरेख की क्या व्यवस्था है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13-05-2004 | *3. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ने प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण के निजीकरण का निर्णय ले लिया है? यदि हाँ, तो कब और इसके कार्यान्वयन हेतु क्या रूपरेखा बनायी गयी है? क्या मंत्री जी इसका पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>15-05-2004 | *4. क्या मुख्यमंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद हरिद्वार के अधिकांश लोगों को जो कि यहाँ पिछले 30-35 वर्षों से लगातार जनपद के सरकारी अथवा गैर-सरकारी/निजी संस्थानों में सेवारत हैं, मूल निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जा रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार लोकहित में मौजूदा मापदंडों में परिवर्तन कर, स्थायी सम्पत्ति के आधार के साथ ही 30 वर्ष के आवासीय काल को भी आधार के रूप में स्वीकार कर, उक्त को मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>18-05-2004 | *5. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राइट्स कम्पनी दिल्ली से उत्तरांचल में विद्युतीकरण का सर्वे करवाने हेतु कोई अनुबन्ध किया गया था? यदि हाँ, तो यह अनुबन्ध किन कारणों से किया गया? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त कम्पनी ने विद्युतीकरण के संदर्भ में उत्तरांचल राज्य के किन क्षेत्रों में क्या-क्या सर्वे किया तथा इस सर्वेक्षण का कितना भुगतान उक्त कम्पनी को किया गया? | तृतीय सोमवार के तारांकित 4 में स्था0 |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>19-05-2004 | *6. **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** | |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20-05-2004 | *7. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के कितने जिलों में चकबन्दी का कार्य पूर्ण कर दिया गया है? क्या सरकार जनपद पौड़ी गढ़वाल के गांवों में चकबन्दी किये जाने की कोई योजना बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री तसलीम अहमद<br>22-05-2004 | *8. क्या राजस्व मंत्री को ज्ञात है कि तहसील व जनपद हरिद्वार के ग्राम किशनपुर कुण्डी के अन्तर्गत बाण गंगा पर बाँध बनने से गंगा का बहाव बन्द हो गया है? क्या बाँध बनने के फलस्वरूप ग्राम किशनपुर कुन्डी से तहसील लक्सर के ग्राम गिद्धा वाली तक गंगा नदी की हज़ारों एकड़ भूमि काश्त (कृषि) योग्य हो गई है? क्या यह सही है कि उक्त भूमि पर प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जे कर लिए गये हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भूमि अवैध कब्जेदारों, भूमाफियाओं एवं बड़े ज़मींदारों के कब्जे से मुक्त कराकर निर्बल वर्ग के पात्र व्यक्तियों को काश्त हेतु आवंटन करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>24-05-2004 | *9. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003-2004 के दौरान जिला उधमसिंह नगर, हरिद्वार व देहरादून में नयी उद्योग नीति के तहत नये उद्योग लगाये गये हैं? यदि हाँ, तो उनमें कितनी धनराशि का निवेश किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री नारायण पाल<br>26-05-2004 | *10. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल को ऊर्जा प्रदेश बनाने के लिये कोई दीर्घकालिक योजना राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पंत<br>26-05-2004 | *11. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में 01.04.2003 से मई, 2004 तक विभिन्न उद्योंगो की स्थापना के कितने आवेदन प्राप्त हुये हैं तथा कितने उद्योगों की स्थापना हो चुकी है? क्या सरकार द्वारा उत्तरांचल के बेरोजगारों नवयुवकों को इन उद्योगों पर सेवायोजित किये जाने की कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री अजय भट्ट<br>27-05-2004 | *12. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माह फरवरी, 2004 से सचिवालय सेवा संवर्ग में कितने अनुसचिवों को उपसचिव के रिक्त पदों पर प्रोन्नति प्रदान की गई? क्या इन रिक्तियों में से अनुसूचित जाति व अनारक्षित वर्ग के कितने पद अलग-अलग उपलब्ध थे और उनके सापेक्ष वर्गवार किन-किन अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई? | सचिवालय प्रशासन |

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
02-06-2004
श्री प्रकाश पंत
18-06-2004

*13. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

श्री हरबन्स कपूर
03-06-2004

*14. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नजूल भूमि को फ्री होल्ड में परिवर्तित करने हेतु सरकार द्वारा कोई नीति बनाई गयी है? यदि हाँ, तो उस नीति का प्रारूप क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राज्य बनने के पश्चात् जिन लोगों ने नजूल भूमि को फ्री होल्ड में परिवर्तित करने हेतु आवेदन किया हैं उनके आवेदन स्वीकार किये जा चुके हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

आवास

श्री हरभजन सिंह चीमा
02-06-2004

*15. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल गठन के फलस्वरूप राज्य के हिस्से में आने वाले समस्त आवास विकास क्षेत्र उत्तर प्रदेश सरकार से उत्तरांचल को हस्तांतरित हो रहे हैं? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो सरकार इसके प्रति क्या कार्यवाही कर रही है?

तृतीय सोमवार तक स्थगित

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री प्रेमानन्द महाजन
09-10-2003

1. क्या राजस्व मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में रहने वाले खेतिहर मजदूरों की संख्या कितनी है? क्या राजस्व अभिलेखों में इनके नामांकन हैं? यदि नहीं, तो क्यो?

राजस्व

## अतारांकित प्रश्न

श्री मदन कौशिक
30-04-2004

1. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>01-05-2004 | 2. क्या मुख्यमंत्री को ज्ञात है कि उत्तरांचल राज्य में प्रांतीय सिविल सेवा के अधिकारियों को भवन निर्माण हेतु अग्रिम ऋण के रूप में ढाई लाख रूपया तथा वाहन ऋण के रूप में अस्सी हजार रूपया अनुमन्य है? यदि हाँ, तो क्या सरकार अखिल भारतीय सेवा (आई.ए.एस./आई.पी.एस.) को उक्त कार्यों हेतु दिए जाने वाले ऋण के समरूप की प्रांतीय सेवा के अधिकारियों को भी ऋण उपलब्ध करवाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री मदन कौशिक<br>06-05-2004 | 3. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी परिवारों को नये राशन कार्ड जारी किये जा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा प्रत्येक राशन कार्ड के लिए कितनी राशि ली जा रही है? | खाद्य |
| श्री मदन कौशिक<br>07-05-2004 | 4. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में विभिन्न छोटे बिजली घरों की मरम्मत हेतु ठेके पर कराये जाने संबंधी कोई नीति बनायी गयी है? यदि हाँ, तो वह नीति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री मदन कौशिक<br>07-05-2004 | 5. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में हिल्ट्रॉन में कुल कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं तथा इन कर्मियों के वेतन आदि का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्या सरकार कार्यरत इन अधिकारियों/कर्मचारियों को अन्य विभागों/निगमों में समायोजित किये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | नियोजन |
| श्री मदन कौशिक<br>11-05-2004 | 6. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में गन्ने का मूल्य निर्धारण करने हेतु कोई नीति बनायी गयी है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना विकास |
| श्री मदन कौशिक<br>11-05-2004 | 7. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में डेन्टल मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु शासन द्वारा कोई नीति बनाई गई है? यदि हाँ, तो क्या शासन द्वारा इस संबंध में किन-किन संस्थाओं को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं? इनमें से किन-किन संस्थाओं ने डेन्टल मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर ली है? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>11-05-2004 | 8. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बी.एड.कक्षाओं की स्थापना हेतु शासन द्वारा कोई नीति बनायी गई है? यदि हाँ, तो अभी तक सरकार द्वारा कितने बी.एड.कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गई है? | उच्च शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>11-05-2004 | 9. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की नवसृजित तहसीलों/उपतहसीलों के लिए शासन द्वारा मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु कोई मानक निर्धारित किये गये हैं? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13-05-2004 | 10. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की जाँच व सत्यापन में व्यापक गड़बड़ियों की शिकायत मिली है? यदि हाँ, तो सत्यापन व जाँच के मानक क्या थे? क्या प्राप्त शिकायतों की जाँच करायी गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>13-05-2004 | 11. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजस्व विभाग में जनपद पौड़ी गढ़वाल में तहसील यमकेश्वर के लिए कितने अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है? क्या तहसील का कार्य सुचारू रूप से प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि हाँ, तो क्या तहसील हेतु भवनों की पर्याप्त व्यवस्था है? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14-05-2004 | 12. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के कुल कितने गांवों में विद्युतीकरण किया जाना बाक़ी है? विद्युतीकरण से वंचित गांवों में कब तक विद्युतीकरण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>14-05-2004 | 13. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जिला पौड़ी गढ़वाल के किन गांवों में पिछले दो वर्षों में विद्युतीकरण किया गया है? सभी वि.खण्डों के अविद्युतीकृत गांवों को प्राथमिकता से चयनित न करने के क्या कारण थे? सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के कितने ग्रामों को इस वर्ष विद्युतीकरण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>15-05-2004 | 14. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत लक्सर में गत वर्ष प्रस्तावित 132 के.वी.ए. विद्युत संयंत्र की स्थापना में विलम्ब के क्या कारण हैं? उक्त संयंत्र कब तक लगाया जाएगा? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17-05-2004 | 15. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री को जानकारी है कि जनपद उत्तरकाशी में वरूणावत पर्वत भूस्खलन के मलवे को आज़ाद मैदान में डम्पिंग कर बिछाया गया है? क्या बरसात के दिनों में आज़ाद मैदान का पानी व मलवा मेन मार्केट बाबा कालीकमली मार्केट, बस अड्डे की ओर बहकर दुकानों व आवाजाही को प्रभावित करेगा? यदि हाँ, तो इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17-05-2004 | 16. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी के अठाली गांव में काफी समय से लो वोल्टेज की स्थायी समस्या है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उपर्युक्त गांव की लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

श्री तसलीम अहमद
17-05-2004

17. क्या ऊर्जा मंत्री भिज्ञ हैं कि जिला हरिद्वार ब्लॉक बहादराबाद के ग्राम धनपुरा, घिस्सुपुरा में टेलीफोन एक्सचेंज के पास मकानों के ऊपर से विद्युत लाइन लगभग 2 फीट ऊँचाई से गुज़र रही है? क्या यह सत्य है कि झूलती विद्युत लाइन से टकराने के कारण एक आदमी एवं एक भैंसे की मृत्यु हो चुकी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में मकानों के ऊपर से गुज़र रही विद्युत लाइन को परिवर्तन किये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? ऊर्जा

श्री तसलीम अहमद
22-05-2004

18. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम सुल्तानपुर आदमपुर तहसील लक्सर जनपद हरिद्वार के कृषि जोत क्षेत्र आदमपुर में कितनी भूमि बंजर है? क्या यह सत्य है कि अधिकांश बंजर भूमि पर अवैध कब्जे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार बंजर भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर उस पर ग्राम वासियों के लिए क्रीड़ा स्थल एवं निर्बल वर्ग के लोगों को आवंटित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? राजस्व

श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी
17-05-2004

19. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तराई-भावर (जनपद-नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार) में किसानों से प्रति हॉर्स पॉवर ट्यूबवैल का विद्युत बिल कितना रूपया मासिक लिया जाता है? क्या सरकार यह भी बताने का कष्ट करेगी कि मासिक बिल समय पर जमा न करने पर किसानों से सरचार्ज वसूल किया जाता है? यदि हाँ, तो कितना? क्या सरकार किसानों से सरचार्ज वसूली में छूट देने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? ऊर्जा

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
18-05-2004

20. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्राम सभा लंगूरी के उप ग्राम डाबर एवं चौड़े में लकड़ी के विद्युत पोल बदले जाने थे? क्या सरकार जनहित में यथाशीघ्र इन गाँवों में लकड़ी के पोल बदलने की व्यवस्था कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? ऊर्जा

श्री तसलीम अहमद
18-05-2004

21. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में सरकार द्वारा वर्ष 2002-03 में कुल कितने निजी नलकूपों हेतु विद्युत कनैक्शनों की स्वीकृति प्रदान की गई तथा लालढांग विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कितने किसानों को निजी नलकूप विद्युत कनैक्शन दिये गये? यदि नहीं, तो क्यों? ऊर्जा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
18-05-2004

22. क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के बड़कोट में स्थित खाद्य गोदाम की भण्डारण क्षमता कम है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा हनुमानचट्टी में खाद्य गोदाम स्थापित किये जाने पर विचार किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? खाद्य

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19-05-2004 | 23. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड डुण्डा के पट्टी भण्डारस्यूँ क्षेत्र में अनियमित विद्युत आपूर्ति के समाधान हेतु गेंवला-ब्रहमखाल में विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>19-05-2004 | 24. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि देहरादून-सहारनपुर बाई-पास मार्ग पर प्रेक्षागृह का शिलान्यास अविभाजित उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकाल में हुआ था? यदि हाँ, तो कब? क्या मुख्यमंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रेक्षागृह हेतु वित्तीय स्वीकृति दी गई थी? यदि हाँ, तो प्रेक्षागृह निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20-05-2004 | 25. क्या महिला सशक्तिकरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पौड़ी गढ़वाल की महिलाओं के जीविकोपार्जन हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या योजनायें बनाई गई हैं? क्या सरकार महिलाओं को स्वरोज़गार प्रदान करने हेतु राज्य स्तरीय कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो इन योजनाओं का स्वरूप क्या है तथा कब तक इन्हें कार्यान्वित कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21-05-2004 | 26. विधान सभा के तृतीय सत्र, 2003 के प्रथम सोमवार को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-67 के उत्तर के संदर्भ में क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जोगथ स्लिप जोन से हुए भूस्खलन के कारण श्री बिशन सिंह तथा आनन्द सिंह के क्षतिग्रस्त गैर आवासीय भवन का मुआवज़ा दिया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>21-05-2004 | 27. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के अन्तर्गत नगर पंचायत दिनेशपुर द्वारा स्व0 श्री पुलिन कुमार विश्वास की मूर्ति स्थापित किये जाने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार को प्रेषित किया गया था? क्या शासन द्वारा मूर्ति स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? यदि हाँ, तो उक्त मूर्ति की स्थापना कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्री अजय भट्ट<br>21-05-2004 | 28. क्या राजस्व मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत रानीखेत तहसील को जिला बनाये जाने की मांग लम्बे समय से चल रही है? यदि हाँ, तो कब तक इसकी घोषणा कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>22-05-2004 | 29. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह के अन्तर्गत सभी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में बी.पी.एल. कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में राशन (खाद्य सामग्री) उपलब्ध हो रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |

डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी
22-05-2004

30. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर जनपद चमोली में विगत लम्बे समय से छात्र/छात्राओं द्वारा गृह विज्ञान खोले जाने की मांग की जाती रही है? यदि हाँ, तो क्या इसको दृष्टिगत रखते हुए स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय खोले जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
22-05-2004

31. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में उरेड़ा द्वारा वर्ष 2003-04 में सोलर पावर पेक/विलेज इलैक्ट्रीफिकेशन शत प्रतिशत अनुदान पर किन-किन गांवों में किया गया? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
22-05-2004

32. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के लिए विगत वर्ष में दैवीय आपदा निधि के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था तथा क्या सरकार द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव को निरस्त कर जनपद की आपदा राशि को लैप्स किया गया? यदि हाँ, तो क्यों तथा इसके लिए कौन अधिकारी उत्तरदायी हैं?

आपदा प्रबन्धन

श्री तसलीम अहमद
22-05-2004

33. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम मौ0पुर कुन्हारी तहसील लक्सर जनपद हरिद्वार में ग्राम समाज की भूमि ख0न0 31-32 व अन्य ऐसी ज़मीनें हैं जिनकी आकृति अभिलेखों के अनुसार खतौनी में दर्शाये गये रकबे से बहुत कम है? यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम समाज की ऐसी ज़मीनों के खसरा नम्बरों की आकृति ठीक कराकर पात्र व्यक्तियों को आवंटित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

राजस्व

श्री प्रेमानन्द महाजन
24-05-2004

34. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के निजी उद्योगों में स्थानीय प्रशिक्षित, अप्रशिक्षित बेरोज़गार व अल्प शिक्षित बेरोज़गार युवकों को 80 प्रतिशत नियुक्ति दिये जाने हेतु सरकार द्वारा कोई नीति निर्धारित की गई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

उद्योग

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
24-05-2004

35. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के ग्रामसभा बारो में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या उक्त विद्युतीकरण बारो मल्ला एवं बारो तल्ला दोनों तोको में हो रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत
24-05-2004

36. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज देहरादून में विगत समय पूर्व तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में नियुक्तियाँ की गई हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार बतायेगी कि जिन व्यक्तियों की नियुक्तियाँ हुई हैं वे कहाँ-कहाँ के स्थाई निवासी हैं? क्या प्रबन्ध तंत्र द्वारा की गई नियुक्तियाँ विधि सम्मत हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई कार्यवाही करेगी?

उच्च शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>24-05-2004 | 37. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज देहरादून में वर्ष 1991 से कार्यरत 24 तदर्थ शिक्षकों को वेतन दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हाँ, तो उनका वेतनमान क्या है? | उच्च शिक्षा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>24-05-2004 | 38. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ में जुम्मा जल विद्युत केन्द्र पर अब तक कुल कितनी राशि खर्च की गयी है? क्या इस विद्युत केन्द्र द्वारा विद्युत उत्पादन प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि हाँ, तो जनपद के कितने गांव इससे लाभान्वित हो रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>25-05-2004 | 39. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि विकासखण्ड में 66 के0वी0 ट्रान्सफार्मर लगाये जाने की मांग की जाती रही है? यदि हॉ, तो क्या सरकार जनहित में ट्रान्सफार्मर लगाये जाने के साथ-साथ नियमित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>25.05.2004 | 40. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तहसील गदरपुर जनपद उधमसिंह नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोपा व तहसील खटीमा मेलाघाट में शामिल आबादी वाले वन क्षेत्र को राजस्व ग्राम में शामिल किया गया है? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>25-05-2004 | 41. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह नगर में आदिकाल से निवास कर रहे बुक्सा व थारू जनजाति की विलुप्त होती सांस्कृतिक विरासत (लोक नृत्य/लोक गीत) को बचाने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहें हैं? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>25-05-2004 | 42. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में विगत वर्ष 2003-2004 तथा वर्तमान में अब तक दलित उत्पीड़न के कितने प्रकरण दर्ज किये गये? सरकार द्वारा दलित उत्पीड़न रोकने के लिये क्या प्रयास किये जा रहें हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>28-05-2004 | 43. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि नगर पंचायत दिनेशपुर उधमसिंह नगर द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार दिनेशपुर सुन्दरपुर मार्ग का नाम स्व0 राधाकान्त राय के नाम से रखे जाने हेतु कोई स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |

श्री प्रकाश पंत
26-05-2004

44. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ की सौबला, सुरिंगाड, तालेश्वर जल विद्युत परियोजनाओं में वर्ष 2003-2004 में लक्ष्य के सापेक्ष कितना उत्पादन किया गया? क्या सरकार लक्ष्य के अनुरूप उत्पादन तथा उचित पारेषण व्यवस्था हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कार्य योजना के प्रमुख बिन्दु क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी
26-05-2004

45. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के स्थान घांघरिया में आने वाले यात्रियों तथा स्थानीय जनता की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस चौकी खोलने हेतु विचार किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री प्रीतम सिंह पंवार
27.05.2004

46. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ ब्लाक के गांव जोगथ मल्ला के धामियां तोक में विद्युतीकरण कराया जा रहा है? क्या जोगथ तल्ला के चौखाट गांव, खोब, गोंडाकोल व देवीधार आदि उप तोकों में भी विद्युतीकरण कराया जायेगा? यदि नही, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
27-05-2004

47. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के रा.महाविद्यालय कर्णप्रयाग को स्नातकोत्तर स्तर पर कक्षाओं के संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है? यदि हाँ, तो क्या विज्ञान संकाय में भी स्नातकोत्तर स्तर पर कक्षायें संचालित होगी? यदि हाँ, तो कब से, यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
27-05-2004

48. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के पटवारी क्षेत्र सिमलासू में पटवारी चौकी निर्माण की स्वीकृति कब तथा इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी? क्या उक्त पटवारी चौकी का निर्माण पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त चौकी का निर्माण अविलम्ब करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों?

राजस्व

श्रीमती आशा नौटियाल
27-05-2004

49. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड आंदोलन एवं देशा सेवा में शहीद हुए क्रमशः स्व0 श्री अशोक कैसिव, यशोधर बेंजवाल एवं सुनील काण्डपाल की स्मृति में शहीद स्मारक बनाये जाने को कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी? यदि नही, तो क्यों?

संस्कृति

श्री गोपाल सिंह राणा
27-05-2004

50. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुन्सिफ कोर्ट खटीमा के भवन हेतु राजकीय कृषि फार्म खटीमा की भूमि को अधिकृत करने के उपरान्त भी भवन का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है? यदि हाँ, तो मुन्सिफ कोर्ट खटीमा के भवन निर्माण न कराये जाने के क्या कारण हैं?

न्याय

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>27-05-2004 | 51. क्या गन्ना मंत्री अवगत हैं कि तहसील खटीमा जिला उधमसिंह नगर के किसान जो सहकारी चीनी मिल मझोला पीलीभीत उत्तर प्रदेश में गन्ने की आपूर्ति कर रहें हैं तथा अभी भी गन्ना सहकारी समिति मझोला के सदस्य हैं, परन्तु उक्त समिति में उन्हें कोई भी सुविधा नहीं दी जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन किसानों के कल्याणार्थ पृथक से गन्ना सहकारी समिति खटीमा के गठन की योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त समिति का गठन कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>27-05-2004 | 52. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि यू.पी.एफ.सी. व अन्य ऋणदाता संस्थाओं से लिये गये ऋण की अदायगी न करने वाली कितनी रूग्ण औद्योगिक इकाईयाँ, जिला उधमसिंह नगर, हरिद्वार व देहरादून में हैं? क्या सरकार रूग्ण औद्योगिक इकाईयों के पुनः संचालन हेतु कोई विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>27-05-2004 | 53. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री भिज्ञ हैं कि जिला उधमसिंह नगर में भूमिहीन/गरीब मेहनतकश का जीवन यापन कर रहे बुक्सा जनजाति समुदाय के वे परिवार बी.पी.एल. के पात्र हैं, जो राजस्व अभिलेख में भूमिधर हैं? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा अब तक कितने परिवारों को बी.पी.एल. की पात्रता दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| श्री नारायण पाल<br>27-05-2004 | 54. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सितारगंज ब्लॉक जिला उधमसिंह नगर के ग्राम वीरेन्द्र नगर गोंठा, गुरूनानक नगरी, रनसाली, आस्था बिही को सरकार राजस्व ग्राम घोषित करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28-05-2004 | 55. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध निर्माण से निर्मित जलाशय (झील) के कारण स्यांसू व छाम के पैदल झूलापुल डूब जायेंगे? यदि हाँ, तो ब्लॉक चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी की पट्टी दिचली व गमरी के गांवों के लोगों, जिन के शिक्षा संस्थान, स्वास्थ्य केन्द्र व्यापारिक प्रतिष्ठान आदि सुविधाओं के केन्द्र छाम व चिन्यालीसौड़ हैं, के लिए सरकार द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्रथम बुधवार के अता0 38 में स्थाना0** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28-05-2004 | 56. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरकाशी से जिला अधिकारी के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति आन्दोलन में घायल आन्दोलनकारी विजय सिंह पुत्र श्री सूरत सिंह, रामलाल नेगी पुत्र श्री सूरत सिंह निवासी बोंगा भटवाड़ी तथा मुन्शीलाल बिजल्वाण पुत्र श्री मोहनलाल बिजल्वाण निवासी चिन्यालीसौड़ तहसील डुण्डा उत्तरकाशी के आवेदन पत्र शासन को मुआवज़ा धनराशि दिये जाने के संबंध में प्राप्त हुए हैं? यदि हाँ, तो उपरोक्त घायल आन्दोलनकारियों को कब तक मुआवज़ा भुगतान किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 28–05–2004 | 57. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि राज्य गठन के पश्चात् अभी तक पुलिस विभाग में अराजपत्रित कर्मियों के किसी भी सम्वर्ग में पदोन्नति नहीं की गयी है? क्या मुख्यमंत्री यह भी बतलाने का कष्ट करेंगे कि पुनर्गठन के अन्तर्गत मैदानी कैडर के अराजपत्रित कर्मचारियों के पूर्ववर्ती कैडर में वापस जाने के पश्चात कब तक उनके प्रतिस्थानियों की तैनाती/पदोन्नति की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 28–05–2004 | 58. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि उत्तरकाशी शहर से लगे गांवों निराकोट व सिल्याण में लगभग आठ माह से विद्युत आपूर्ति ठप्प है? यदि हाँ, तो विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के क्या कारण है और कब तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गोपाल सिंह राणा 28–05–2004 | 59. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि 13 फरवरी, 2004 को मुख्यमंत्री के खटीमा आगमन पर आम सभा में विधान सभा क्षेत्र खटीमा हेतु मुख्यमंत्री द्वारा 1000 विद्युत पोल और 100 ट्रांसफार्मर प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी थी? यदि हाँ, तो क्या सरकार घोषणा के कार्यान्वयन हेतु कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री विशन सिंह चुफाल 28–05–2004 | 60. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में खड़िग गांव का विद्युतीकरण नहीं हुआ है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त गांव का विद्युतीकरण करा दिया जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री अजय भट्ट 28–05–20004 | 61. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत रानीखेत एवं द्वाराहाट विकास खण्डों में वर्तमान में कुल कितने गांवों का विद्युतीकरण स्वीकृत है? क्या राइटस कम्पनी को भी कुछ गांवों के विद्युतीकरण का दायित्व सौंपा गया है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? | ऊर्जा |
| श्री अजय भट्ट 28–05–2004 | 62. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि वर्तमान में विद्युत की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी गयी है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार विद्युत की दरें पूर्ववत रखने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 29–05–2004 | 63. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजस्व निरीक्षकों को इन्सपेक्टर पुलिस, पटवारी को सब इन्सपेक्टर पुलिस एवं चपरासियों को कान्सटेबिल पुलिस का दायित्व सौंपा गया है? यदि हाँ, तो क्या राजस्व निरीक्षक पटवारी तथा चपरासी को नियमित पुलिस कर्मियों की भांति वेतनमान दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29-05-2004 | 64. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में वर्ष 2001 से वर्ष 2003 तक कुल कितने राजस्व गांवों के विद्युतीकरण का लक्ष्य था? उनमें से कितने गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है? क्या सरकार जनपद के छूटे हुए ग्रामों के विद्युतीकरण के कार्य को पूरा करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>29-05-2004 | 65. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उधमसिंह नगर जनपद खटीमा में तहसील भवन का शिलान्यास किया जा चुका है? यदि हाँ, तो तहसील भवन का निर्माण कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रकाश पंत<br>29-05-2004<br>श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>11-06-2004 | 66. क्या मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि 2002-03 तथा मार्च, 2003 से मई 2004 के मध्य सरकारी खर्चे पर किन-किन सरकारी पदधारकों की विदेश यात्राओं हेतु वित्तीय स्वीकृति की गयी? इन यात्राओं का उद्देश्य एवं औचित्य क्या था? क्या सरकार पूरा विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेगी, यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>29-05-2004 | 67. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के तल्लीताल स्थित पुलिस अस्पताल के भवन की स्थिति अत्यन्त जर्जर है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन का पुर्ननिर्माण करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31-05-2004 | 68. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में भूलेख लिपिक एवं सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो के पद पर वरिष्ठ पटवारियों की नियुक्ति की जा रही है? यदि नहीं, तो क्या यह सत्य है कि अन्य जनपदों में उक्त पदों पर वरिष्ठ पटवारियों को नियुक्त किया जा रहा है? यदि हाँ, तो अन्य जनपदों की तरह उक्त पदों पर जनपद उत्तरकाशी के वरिष्ठ पटवारियों को प्रोन्नत किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31-05-2004 | 69. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के ब्लाक चिन्यालीसौड़ के गांव उलण, वजियाड़ा पट्टी गमटी में 08 फरवरी, 2002 को भारी बर्फबारी एवं आंधी-तूफान के कारण श्री भरत सिंह पुत्र श्री बचन सिंह उम्र 28 वर्ष, वृद्धि सिंह पुत्र स्व0 गंगासिंह उम्र 27 वर्ष, सोहनलाल पुत्र राधेश्याम उम्र 22 वर्ष और वजियाड़ा निवासी रामजी पुत्र राधेश्याम की असामयिक मौत हुई थी? यदि हाँ, तो शासन द्वारा मृतकों के परिवारजनों/विधवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गयी?यदि हाँ, तो कितनी? यदि नही, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>31-05-2004 | 70. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में माह अप्रैल एवम मई, 2004 में ओलावृष्टि/अतिवृष्टि से सर्वाधिक क्षति किन-किन विकास खण्डों में हुई? क्या सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति के एवज में काश्तकारों को कोई राहत राशि प्रदान की गयी है? यदि हाँ, तो उक्त राहत राशि का मानक क्या रखा गया? | आपदा प्रबन्धन |

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
31-05-2004

71. क्या मुख्यमंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष उत्तरांचल के प्राचीन मंदिरों से बहुमुल्य मूर्तियों एवं चढ़ावे के आभूषणों की चोरी की कुल कितनी घटनाएं घटित हुई? क्या यह सत्य है कि जनपद चमोली में वर्ष 2003 एंव 2004 में सर्वाधिक चोरियों की घटनाएं प्रकाश में आयीं? यदि हाँ, तो ऐसी कुल कितनी चोरियों का पर्दाफास हो पाया? क्या सरकार चोरियों की घटनाओ को रोकने के लिये कोई ठोस योजना बनाये जाने का विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

डा0 नारायण सिंह जंतवाल
31-05-2004

72. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल जनपद नैनीताल स्थित टेलीट्रौनिक्स फैक्ट्री के बंद होने के पश्चात वहाँ कार्यरत कितने कर्मचारियों का सरकारी सेवाओं में शासनादेश के अनुरूप समायोजित किया जा चुका है तथा अभी और कितने कर्मचारियों को समायोजित किया जाना है? शेष कर्मचारियों को कब तक समायोजित कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ?

द्वितीय शुक्र के अता0 40 में स्थाना0

श्री प्रीतम सिंह पवांर
31-05-2004

73. क्या गृहमंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत में 22 मार्च, 2004 को प्रदीप सिंह पुत्र मोहन सिंह एवं सौरभी भट्ट पुत्र नन्दा बल्लभ भट्ट निवासी एन.पी.सी.सी. वनबसा, एन.एच.पी.सी. केन्द्रीय विद्यालय नं0 दो में कक्षा 11 की प्रयोगात्मक परीक्षा देने गये थे? क्या पुलिस के गोताखोरों द्वारा 23.03.04 को दोनो बच्चों के शवों को शारदा नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया? क्या यह सत्य है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रदीप सिंह की मौत दम घुटने व गर्दन की हड्डी टूटने से हुई अंकित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रकरण की जांच सी.बी.सी.आई.डी. से करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

डा0 नारायण सिंह जंतवाल
01-06-2004

74. क्या संस्कृत मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के नैनीताल शहर में वर्ष भर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन होता रहता है? क्या सरकार के पास कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु नैनीताल शहर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेक्षागृह के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त प्रेक्षागृह का निर्माण कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

संस्कृति

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
01-06-2004

75. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 1991 में प्रदेश के कतिपय अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में तदर्थ रूप से नियुक्त शिक्षकों को विनियमित कर दिया गया है? यदि नहीं, तो उक्त शिक्षकों के विनियमित न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार इनके विनियमितीकरण किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

डा0 ए0पी0 मैखुरी
01-06-2004

76. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारी में सुधार लाने की दृष्टि से जनपद चमोली में स्वैच्छिक चकबन्दी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या? यदि नही, तो क्यों?

राजस्व

| | | |
|---|---|---|
| डा0 ए0पी0 मैखुरी<br>01-06-2004 | 77. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली स्थित गौचर नामक स्थान से पर्यटकों/यात्रियों की सुविधार्थ श्री केदारनाथ, श्री बद्रीनाथ तथा हेमकुण्ड की यात्रा हेतु हेलीकाप्टर सेवा प्रारम्भ करने हेतु विचार किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | धर्मस्व कार्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02-06-2004 | 78. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वरूणावत पर्वत (उत्तरकाशी) भूस्खलन में अब तक पीड़ितों को कुल कितनी धनराशि तथा ट्रीटमेन्ट कार्य में कुल कितनी धनराशि तथा अहेतुक व तात्कालिक व्यवस्था मद में कुल कितनी धनराशि का व्यय किया जा चुका है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भूस्खलन के कारण सरकारी कार्यालयों के स्थानान्तरण/व्यवस्था में कुल कितना व्यय हुआ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रकाश पंत<br>02-06-2004 | 79. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनवरी, 2004 से 31 मई, 2004 के मध्य उत्तरांचल पावर कारपोरेशन द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रसारित किये गये? इन विज्ञापनों पर कितना व्यय हुआ? क्या मंत्री जी प्रकाशित विज्ञापनों का जनपदवार ब्यौरा देने का भी कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री अजय भट्ट<br>02-06-2004 | 80. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल में एन0आर0 के मनमाने विद्युत बिल आ रहें हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपभोक्ताओ की समस्याओं को मध्यनजर रखते हुए मीटर रीड़िग की कोई उचित व्यवस्था करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? | ऊर्जा |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>02-06-2004 | 81. क्या मुख्यमंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद हरिद्वार के तहसील लकसर के अट्ठारह (18) ग्रामों के विद्युतीकरण में अप्रत्याशित विलम्ब किया जा रहा है? यदि हाँ, तो इस विलम्ब के लिये कौन अधिकारी दोषी हैं? क्या सरकार दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक इन ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा? | ऊर्जा |
| श्री नारायण पाल<br>02-06-2004 | 82. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह नगर के सितारगंज ब्लाक की चीनी मिल में वर्ष 2002-2003 व 2003-2004 में कितनी चीनी उत्पादित हुई? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उल्लिखित वर्षो में कुल रखरखाव के मदों में कितना व्यय किया गया? | गन्ना विकास |
| श्री नारायण पाल<br>02-06-2004 | 83. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के सितारगंज ब्लाक में औद्योगिकी एरिया बनाये जाने के लिये कितनी भूमि औद्योगिकी विभाग को हस्तांतरित हुई है तथा कितने उद्यमियों द्वारा जमीन खरीदने के लिये औपचारिकतायें पूर्ण कर ली गई हैं? औद्योगिक ऐरिया स्थापित करने के लिये सरकार क्या प्रयास कर रही है? | उद्योग |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>02-06-2004 | 84. | क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत नियुक्त किए जाने वाली कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को कौन-कौन सी सुविधाएँ एवं कितना मानदेय दिया जाता है? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03-06-2004 | 85. | क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में 'कुटीर ज्योति' के अन्तर्गत अब तक कुल कितने विद्युत कनेक्शन दिए जा चुके हैं तथा कितने आवेदन लम्बित हैं? अवशेष कनेक्शनों को कब तक दे दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03-06-2004 | 86. | क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विधानसभा भवन में विद्युत अनुरक्षण कार्यों की देखरेख हेतु नियमित कर्मचारी नियुक्त हैं? यदि हाँ, तो किस-किस पद तथा वेतनमान में? यदि नहीं, तो कब तक नियुमित कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी जाएगी? | ऊर्जा |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03-06-2004 | 87. | क्या राजस्व मंत्री बतायेंगे कि क्या सरकार जिला उधमसिंहनगर की तहसील काशीपुर के ग्राम गढ़ीनेगी में ढ़ेला नदी के पश्चिमी तट पर राजस्व अभिलेखानुसार वर्ग 5 (बंजर) में अंकित खसरा नं0 929/17, 933/14, 934 मिन, 938, 939/9, 940/5 एवं 941 मिन रकबा लगभग 40 एकड़ पर पिछले 30-35 वर्षो से काश्तकारी करते आ रहे लगभग 35 अनुसूचित जाति के परिवारों को वर्ग 1 (क) संक्रमणीय भूमिधरी का अधिकार दिए जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>03-06-2004 | 88. | क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में कितने गांवों का विद्युतीकरण किया जाना शेष है? क्या सरकार शेष गांवों के विद्युतीकरण किये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री नारायण पाल<br>03-06-2004 | 89. | क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उधमसिंहनगर जिले के सितारगंज ब्लाक को परगना घोषित किया जा चुका है? यदि हाँ, तो क्या इसमें परगनाधिकारी की नियुक्ति के लिये शासनादेश जारी कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री नारायण पाल<br>03-06-2004 | 90. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002-2003 व 2003-2004 में जनपद उधमसिंह नगर के सितारगंज ब्लॉक में स्थित थाना नानकमत्ता, थाना सितारगंज तथा चौकी शक्तिगढ़ में दर्ज अपराधों की संख्या थानावार/चौकी वार क्या हैं तथा दर्ज अपराधों की विवेचनोंपरान्त कितने मुकदमें दायर हुये तथा कितनों में अन्तिम रिर्पोट अंकित कर दी गई है? क्या पूरा विवरण सदन के पटल पर रखा जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03–06–2004 | 91. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दून वैली आफिसर्स कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि0, बसन्त विहार, देहरादून में कितने सदस्य ऐसे हैं जिनको अभी तक भूखण्ड आवंटित नहीं किया गया है? क्या यह सही है कि वर्ष 1983 की सदस्यता संख्या–1052 को भूखण्ड आवंटित नहीं किया गया जबकि बाद की तिथियों में सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को भूखण्ड आवंटित कर दिए गए हैं? यदि हाँ, तो इस अनियमितता के लिये समिति के संचालक मण्डल के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय बुधवार के अता0 29 में स्थाना0** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03–06–2004 | 92. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दून वैली आफिसर्स कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि0, बसन्त विहार, देहरादून के फेज–I के भूखण्ड संख्या–282, 291, 284, 294, 283, 286, 285, 292, 280, 281, 295, 289 तथा 288 की मालियत कितनी–कितनी धनराशि दर्शाकर भूखण्डवार कितना–कितना स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है? क्या यह सही है कि उक्त भूखण्डों की मालियत कम दर्शाकर स्टाम्प शुल्क का अपवंचन किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस प्रकरण की जांच कराकर अपवंचनकर्ताओं तथा समिति के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वित्त** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>03–06–2004 | 93. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नैनीताल स्थित माननीय उच्च न्यायालय उत्तरांचल के शासकीय अधिवक्ता कार्यालय एवं महाधिवक्ता कार्यालय में माननीय उच्च न्यायालय की स्थापना से लेकर आज तक तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में कितनी नियुक्तियाँ की गई हैं? क्या इन नियुक्तियों में ''विकलांगों'' को आरक्षण प्रदान किया गया है? यदि हाँ, तो कितने ''विकलांगों'' की नियुक्तियाँ की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | **न्याय** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>03–06–2004 | 94. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि ज्यूलीकोट सड़ियाताल मोटर–मार्ग (जनपद नैनीताल) दि0 18, 19 अगस्त, 2003 को प्राकृतिक आपदा से बुरी तरह ध्वस्त हो जाने से सड़ियाताल गांव को खतरा उत्पन्न हो गया है? क्या उपरोक्त मार्ग व गाँव की सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा कोई प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त मार्ग व गाँव की सुरक्षा हेतु यथा शीघ्र धनराशि उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>04–06–2004 | 95. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के मेडिकल कॉलेजों में छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए कोई आरक्षण नीति बनायी गई है? यदि हाँ, तो वह क्या है तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-06-2004 | 96. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत स्थित पर्यावरण-विद जिम कार्बेट का ऐतिहासिक बंगला (गनी-हाउस) तथा उसमें स्थित महत्वपूर्ण सामग्री धरोहर के रूप में सुरक्षित है? यदि हॉ तो क्या सरकार उक्त गनी हाउस को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में धोषित कर उसे 'जिम कार्बेट म्यूजियम' के रूप में विकसित करने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक उक्त के सम्बन्ध में निर्णय ले लिया जायेगा? यदि नही तो क्यों? | संस्कृति |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-06-2004 | 97. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के प्रताप सिंह दि.3 अक्टूबर, 1994 को उत्तराखण्ड आन्दोलन में शहीद हो गये थे? यदि हाँ, तो क्या सरकार नैनीताल स्थित उनके शहादत स्थल के समीप स्थित पार्क में शहीद स्मारक बनाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05-06-2004 | 98. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में वरूणावत पर्वत भूस्खलन ट्रीटमेन्ट कार्य को देरी से करने के क्या कारण हैं? ट्रीटमेन्ट में लगी कम्पनी के साथ कुल कितनी धनराशि का अनुबन्ध किया गया है तथा अनुबन्ध की क्या-क्या शर्तें हैं? क्या सरकार अनुबन्ध-पत्र को सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>05-06-2004 | 99. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड अगत्स्यमुनि एवं ऊखीमठ को भूस्खलन क्षेत्र घोषित करने का सरकार विचार कर रही हे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री हरबंस कपूर<br>05-06-2004 | 100. क्या चिकित्सा-शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि हल्द्वानी स्थित उत्तरांचल फोरेस्ट हॉस्पिटल ट्रस्ट मेडिकल कॉलेज सरकारी संस्थान है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी इस संस्थान को प्रदान की गई सुविधाओं एवं सहयोग का विस्तृत विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? | द्वितीय मंगलवार के अता0 71 में स्थाना0 |
| श्री हरबंस कपूर<br>05-06-2004 | 101. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी-देहरा विकास प्राधिकरण द्वारा गूलरघाटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु कोई योजना स्वीकृत है? यदि हाँ, तो योजना का विस्तृत स्वरूप क्या है तथा उस पर अब तक कितना व्यय हो चुका है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि योजना को पूर्ण करने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित है? यदि हाँ, तो क्या योजना समयानुसार पूरी कर ली गई है? यदि नहीं,तो क्यों? | आवास |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>05-06-2004 | 102. | क्या आवास मंत्री बतायेंगे कि प्रेमनगर देहरादून मे मसूरी-देहरा विकास प्राधिकरण द्वारा कोई पार्क विकसित करने की योजना स्वीकृत थी? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि यहयोजना कब स्वीकृत की गयी थी, योजना की लागत क्या थी तथा योजना पर कितना खर्च किया गया है? | आवास |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>05-06-2004 | 103. | क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि शासनादेश सं.-143/11/74(216) राजस्व-6, दिनांक 12 दिसम्बर, 1975 द्वारा जनपद नैनीताल के तराई एवं भावर क्षेत्रों में स्थित सरकारी अस्थान तथा उपनिवेश क्षेत्रों में सरकारी भूमिधर वर्ष 1381 फसली अर्थात् 30-06-1974 तक के अनाधिकृत कब्जों को अध्यासी पर लागू सीलिंग सीमा तक नियत दरों पर नजराना व लगान देकर गवर्नमेन्ट ग्रान्टस ऐक्ट 1895 के अन्तर्गत पट्टा जारी करके नियमित करने की योजना शुरू की गयी थी? यदि हाँ, तो जिन अनाधिकृत अध्यासियों द्वारा प्रत्यावेदन के साथ सम्पूर्ण नज़राने एवं लगान की धनराशि जमा कर दी गयी थी? क्या उन सब के कब्जे नियमित कर दिये गये हैं? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>05-06-2004 | 104. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल की टूरिज्म डिग्री कोर्स संचालित करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक अन्तिम निर्णय कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07-06-2004 | 105. | **दिनांक 23-07-2004 के अतारांकित-85 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री हरबंस कपूर<br>08-06-2004 | 106. | क्या खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में खाद्यय आपूर्ति हेतु बी.पी.एल. परिवारों के मानक क्या हैं? प्रदेश में ऐसे कुल परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है? यदि हाँ, तो उत्तरांचल में जनपद वार उनकी संख्या क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रत्येक बी.पी.एल. परिवार के नियमानुसार कितना एवं किस दर पर राशन उपलब्ध कराया जाता है? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | खाद्य |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>08-06-2004 | 107. | क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि हरिद्वार-मसूरी मार्ग पर डोईवाला के निकट सौंग नदी पर बने मोटर पुल तथा रिस्पना नदी पर धोरण के पास बने पुलों के निर्माण पर कितना व्यय हुआ और इनसे अभी तक सरकार को कितनी आय हुई है? वूसली की यह व्यवस्था कब तक जारी रहेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | द्वितीय मगंलवार के अता0 59 में स्थाना0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>08-06-2004 | 108. | क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि सन् 1929 में कुमायूँ भ्रमण के दौरान जनपद नैनीताल के अन्तर्गत नैनीताल शहर के समीप स्थित ताकुला नामक स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा गांधी मन्दिर का शिला न्यास किया गया था? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गांधी मन्दिर कोऐतिहासिक धरोहर के रूप में सुरक्षित रखने तथा इसे टूरिस्ट सर्किट से जोड़नें पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26-04-2004 | 109. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ मन्दिर समिति में चार जिला पंचायतों टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली व पौड़ी से एक-एक सदस्य के निर्वाचन की कार्यवाही कर दी गयीं है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद रूद्रप्रयाग से भी एक सदस्य को उक्त समिति में निर्वाचित किये जाने के की कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन एवं धर्मस्व कार्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26-04-2004 | 110. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री बद्रीनाथ, केदारनाध मन्दिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है? यदि हाँ, तो अध्यक्ष पर होने वाले खर्चों का वहन किसके द्वारा किया जा रहा है? क्या सरकार उक्त पर हुए अब तक के खर्चे के ब्योरे को सदन पर पटल पर रखेगीं? यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन एवं धर्मस्व कार्य |
| श्री नारायण पाल<br>28-05-2004 | 111. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने शहरों का मास्टर प्लान के तहत विस्तारीकरण किये जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>02-06-2004 | 112. | क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल के ग्राम चौकीदारों की रू0 200 प्रतिमाह वर्तमान मानदेय को बढ़ाकर उ0प्र0 राज्य के बराबर की राशि रू0 300 प्रतिमाह करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | राजस्व |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>14-06-2004 | 113. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी स्व0 श्री देव सिंह मनराल-राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पेंशन का प्रकरण जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा 22 नवम्बर, 2003 को शासन भेजा गया था? यदि हाँ, तो क्या श्रीमती कौशल्या देवी को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>28-05-2004 | 114. | क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत ग्राम खेतार कन्याल में पनारी गाड़ में वर्ष 2003 में पैदल पुलिया बह गयी थी? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में पुलिया निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |